तापमान

अधिकतम 37.9 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार,16 जुलाई 2024

12 अब यूनिफोर्म पर आंगनवाड़ी महिलाएं लगाएंगी बेटी बचाओ बेटी...



12 17 को होगा एसपी ऑफिस का घेराव



## खबर संक्षेप

### राधा कृष्ण मंदिर से हजारों का सामान चोरी

**यमुनानगर।** गांव अजीजपुर कलां निवासी धर्मवीर ने बताया कि वह गांव में बने राधा कृष्ण मंदिर का प्रधान है। देर शाम वह मंदिर से पूजा अर्चना करने के बाद घर चले गए थे। सुबह जब मंदिर में पूजा पाठ करने के लिए आए तो मंदिर में मूर्ति के साथ रखे पीतल के कंडल, पीतल का पतीला, दो तांबे के नाग, पीतल की बाल्टी व चांदी के आभूषण गायब थे। जांच करने पर पता चला कि यह चोरी गांव के ही दीप ने अपने साथियों के साथ मिलकर की है। आरोपी दीप नशा करने का आदि है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### पानीपत में शिक्षक के घर में चोरी

**पानीपत।** पानीपत की परशुराम कॉलोनी निवासी शिक्षक चंद्र मोहन के घर से चोरों ने सोने के बने जेवर व नगदी चोरी कर ली। वहीं, तहसील कैंप थाना पुलिस को दी शिकायत में चंद्र मोहन ने बताया कि वे अपने मित्र के घर धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने गए थे। वहीं चोरों ने उनके घर के ताले तोड कर दो तोला वजनी सोने की चेन, एक तोला वजनी तीन अंगूठियां व 20 हजार कैश चोरी कर ले गए।

### छत से गिर कर युवक की मौत

**समालखा।** समालखा के गांव मनाना में उत्तर प्रदेश के झांसी निवासी अनिल घर की छत से गिरकर मौत हो गई। अनिल रविवार की रात को अपने दोस्तों के साथ छत पर सो रहा था। देर रात वह अचानक छत से नीचे गिर गया। अनिल के नीचे गिरने की आवाज सुनकर अन्य लोग भी जाग गए और वे अनिल को सिविल अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मेडिकल जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया

### नकली तेल बेचने वाले को किया गिरफ्तार

**पानीपत।** पुलिसने देशराज कॉलोनी में ब्रांडेड कंपनी का नकली इंजन ऑयल तैयार कर बेचने मामले में गिरफ्तार आरोपी उमेश गर्ग व श्रीकांत गर्ग निवासी शास्त्री कॉलोनी की निशानदेही पर गिरोह में शामिल तीसरे आरोपी सुनील को गिरफ्तार किया है।

# मेढ़ काटने को लेकर हुए झगड़े में एक व्यक्ति की लाठियों से पीटकर की हत्या

## आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर परिजनों ने हाइवे पर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर के छप्पर में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर जाम लगाते परिजन।

गांव छप्पर में मेढ़ काटने को लेकर हुए देर शाम हुए झगड़े में एक व्यक्ति की डंडों व लाठियों से पीटकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप गांव छप्पर निवासी राजेंद्र कुमार, सोहन लाल, मनीष कुमार, मोहन, संजीव, सौरव, बंटी व विपिन पर लगा है। सोमवार को आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर परिजनों ने हाइवे पर जाम लगा दिया। पुलिस द्वारा आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के आश्वासन के बाद परिजनों ने जाम खोला। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

- **पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी**

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव छप्पर निवासी गौरव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके खेत मंसूरपुर रोड पर है। रविवार शाम करीब साढ़े छह बजे उसका पिता 44 वर्षीय विरेंद्र कुमार खेतों में गया था। इस दौरान उनके पड़ोसी राजेंद्र व सोहन उनके खेत की मेढ़ काट रहे थे। जब उसके पिता ने उनको ऐसा करने से रोका तो आरोपियों ने उसके पिता को पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपियों ने फोन करके अपने परिवार के सदस्यों मनीष, मोहन, संजीव, सौरव, बंटी व विपिन को बुला लिया। आरोपियों ने मौके पर पहुंचकर उसके पिता पर लाठियां व डंडें बरसाने शुरू कर दिए। मारपीट की सूचना मिलते ही वह उसका भाई रजत व ताऊ के लड़के अनिल के साथ मौके पर पहुंचा। उन्होंने अपने पिता को आरोपियों से छुड़वाया। मारपीट में उसका पिता बेहोश हो गया। जब वह उसे जगाधरी सिविल अस्पताल में लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### एसडीएम के आश्वासन पर जाम खोला

सोमवार को आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतक के परिजनों ने हाइवे पर छप्पर के पास दोपहर डेढ़ बजे जाम लगा दिया। आरोपियों ने शव को गाड़ी में रखकर हाइवे के बीच में खड़ा कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। हाइवे पर करीब आधा घंटा जाम रहा। सूचना मिलते ही एसडीएम सोनू राम व थाना छप्पर प्रभारी रामपाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों को आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद परिजनों ने जाम खोला।

### ये कहते हैं थाना प्रभारी

मामले की जांच कर रहे थाना छप्पर प्रभारी रामपाल का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बिना अनुमति घेराव में शामिल होने वालों के पासपोर्ट रद होंगे

## अंबाला एसपी ने किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पुलिस की ओर से किसान संगठनों की ओर से एसपी ऑफिस के घेराव को लेकर धारा 163 लगाई गई है। पुलिस ने घेराव में शामिल होने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ उचित करने के साथ उनके पासपोर्ट भी रद करने की चेतावनी दी है। बता दें कि किसानों की ओर से 17 को एसपी ऑफिस के घेराव का ऐलान किया हुआ है। प्रशासन द्वारा सतर्क किया गया कि बिना सरकार/ प्रशासन की अनुमति के इस घेराव में कोई हस्सिा न लें। धारा 163 लागू की गई है। इस दौरान पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों को एक साथ एकत्रित होने की मनाही है। आदेशों की अवहेलना करने के जुर्म के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान प्रशासन द्वारा वीडियो ग्राफी करवाई जाएगी। घेराव में शामिल होने वालों की पहचान करके प्रशासन द्वारा उनके पासपोर्ट को रद करवाया जाएगा । किसान आंदोलन के दौरान दर्ज किए गए मामलों में कुछ उपद्रवियों की गिरफ्तारियां नहीं हुई हैं। उनके फोटोग्राफ तैयार किए गए हैं। घेराव में शामिल होने वालों के फोटोग्राफ व वीडियो से पहचान करके उनको गिरफ्तार किया जाएगा। इस घेराव के दौरान कुछ उपद्रवियों द्वारा सरकारी संपति व आमजन को नुकसान पहुंचाए जाने का भी अंदेशा है।

- **किसान संगठनों के प्रस्तावित ऐलान के बाद प्रशासन की ओर से धारा 163 लगाई गई**

### संपति कुर्की और बैंक खाते सीज किए जाएंगे

पुलिस ने कहा कि अगर सार्वजनिक संपति को नुकसान पहुंचाया जाता है तो सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 के तहत नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हरियाणा लोक व्यवस्था में वघ्नि के दौरान संपति क्षति वसूली अधिनियम 2021 के अनुसार सरकारी संपति को नुकसान पहुचानें की स्थिति में नुकसान पहुंचाने वालों की संपति कुर्की और बैंक खातों को सीज किए जाएंगे।

# प्रॉपर्टी डीलर के घर पर गोली चलाने के मुख्य आरोपी सहित चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। पुलिस द्वारा पकडेÞ गए आरोपी।

पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर के घर पर गोली चलाने के मामले में मुख्य आरोपी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा के मार्ग-निर्देश में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने प्रॉपर्टी डीलर के घर पर गोली चलाने के मुख्य आरोपी राहुल पुत्र अमर सिंह वासी पटियाला बैंक कालोनी थानेसर सहित दिनेश कुमार पुत्र जय भगवान वासी बादली हाल वासी शाहबाद दिल्ली, रविन्द्र पुत्र राजेश कुमार वासी खोरडा जिला झज्जर व अमित कुमार पुत्र सतबीर सैनी वासी पटियाला बैंक कालोनी कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। 14 जुलाई की रात को सीआईए-2 की टीम ने गुप्त सूचना पर सीआईए टीम ने कुरुक्षेत्र इंद्री रोड पर गांव झीवंरेहड़ी बस स्टैंड के पास नाकाबंदी की। थोड़ी देर बाद आरोपी बाइक पर दो युवक आए जिनको पुलिस टीम ने रुकने का ईशारा किया तो आरोपी राहुल ने पुलिस टीम पर दो रौंद फायर कर दिए। जवाबी कारवाई में पुलिस ने भी आरोपी पर फायर किया जो आरोपी की टांग में गोली लगी। आरोपी का एलएनजेपी हस्पताल में इलाज करवाया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी राहुल से एक देसी पिस्टल 32 बोर व दो जिन्दा रौंद बरामद किए।पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपियों को भागने में सहयोग करने तथा शरण देने वाले दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि अमित कुमार ने वारदात के बाद राहुल को भागने में मदद की थी । आरोपी रविन्द्र पुत्र राजेश कुमार वासी खोरडा जिला झज्जर ने आरोपी को छिपने के लिए झज्जर में शरण दी थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

- **आरोपी ने पुलिस टीम पर किया फायर, जवाबी कारवाई में आरोपी की टांग में लगी गोली**

# एचएसआईआईडीसी में खुले में किया जा रहा राख भंडारन

## हवा के साथ उडती है राख, फैल रहा है प्रदूषण, आसपास के ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। ट्रैक्टर-ट्राली से खुले में राख का उतारने का दृश्य।

प्रदूषण की रोकथाम के लिए जहां केंद्र और प्रदेश सरकारें भरसक प्रयास कर रही हैं। वहीं, रिफाइनरी रोड एचएसआईआईडीसी स्थित कई फैक्ट्रिया सरकार के प्रदूषण रोकथाम के मिशन को ठेंगा दिखाते हुए प्रदूषण फैलाने का काम कर रही हैं। एचएसआईआईडीसी स्थित यूफलेक्स लिमिटेड कंपनी से निकलने वाली राख से जहां क्षेत्र वासियों का जीना दुशवार हो गया है। कंपनी से राखी ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से सड़कों किनारे, नदी किनारे और घरों के आसपास डाली जा रही है। तेज हवा चलने पर राख घरों में घुस जाती है और ग्रामीणों को सुबह शाम का खाना बनाना मुश्किल हो गया है। कंपनी से निकलने वाली राख ग्रामीणों के लिए जी का जंजाल बनती जा रही हैं। अगर जल्दी ही प्रशासनिक और कंपनी अधिकारियों द्वारा राख को डालने के लिए कोई निर्धारित डंपिंग यार्ड नहीं बनाया गया तो वह दिन दूर नहीं की क्षेत्र में नजला, श्वास, दमा, कैंसर और एलर्जी आदि के रोगियों की भरमार हो जाएगी। इधर, क्षेत्र वासी ओमप्रकाश, सरदार गुरलाल सिंह, अशोक कुमार, विक्रम सिंह, नरेश कुमार, सुभाष चंद, सुरेन्द्र सिंह, हरपाल सिंह आदि ने बताया कि एचएसआईआईडीसी स्थित प्लास्टिक दाना बनाने वाली यूफलेक्स लिमिटेड कंपनी से राख निकलती है। राख को ट्रैक्टर ट्रालियों के द्वारा बाहर डाला जा रहा है। जबकि कंपनी द्वारा राख डालने के लिए कोई निर्धारित डंपिंग यार्ड नहीं बनाया गया। कंपनी से निकलने वाली राख को नहर के अंदर, नहर किनारे, सड़कों किनारे और घरों के नजदीक डाला जा रहा है। जिस कारण लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। और तेज हवा चलने पर राख उड़कर घरों और आसपास के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की आंखों में घूस जाती है। सड़क किनारे पड़ी राख से बड़ा हादसा होने का खतरा भी बना रहता है। इधर, इस क्षेत्र के निवासियों ने बताया कि पहले ही यहां रिफाइनरी क्षेत्र में रिफाइनरी का बहुत अधिक प्रदूषण है। इसके साथ ही एचएसआईआईडीसी स्थित कई कंपनियां और प्रदूषण फैलाने का काम कर रही हैं।

- **सड़क किनारे पड़ी राख से बड़ा हादसा होने का खतरा भी बना रहता**

### राख से नुकसान नहीं: सिंह

मनदीप सिंह, मुख्य मानव संसाधन अधिकारी यूफलेक्स कंपनी ने बताया कि हमने कंपनी से राख उठाने का टेंडर ठेकेदार को दिया हुआ है। वह उस राख को कहां डालेगा यह उसकी जिम्मेदारी है। इस राख से किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होगा।

# कुरुक्षेत्र पुलिस ने 223 किलोग्राम डोडापोस्त सहित आरोपी को दबोचा

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश में जिला पुलिस का नशा तस्करों पर शिकंजा जारी है। अपराध अन्वेषण शाखा-1 टीम ने नशा तश्करो पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के आरोप में हरजिन्द्र सिंह पुत्र अजीत सिंह वासी दोशांज डेरा पीपली प्लाट अधोया जिला कुरूक्षेत्र को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से 223 किलोग्राम डोडापोस्त बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि सतवीर सिंह पुत्र हरजिन्द्र सिंह व हरजिन्द्र सिंह पुत्र अजीत सिंह वासीयान दोशांज डेरा पीपली प्लाट अधोया जिला कुरूक्षेत्र डोडापोस्त/चूरापोस्त बेचने का काम करते हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम डेरा में बने मकान पर पहुंची। पुलिस टीम ने डेरा में बैठे व्यक्ति से उसका नामपता पूछने पर उसने अपना नामपता हरजिन्द्र सिंह पुत्र अजीत सिंह वासी दोशांज डेरा पीपली प्लाट अधोया जिला कुरूक्षेत्र बताया। आरोपी व उसकी कार की तलाशी लेने पर 223 किलोग्राम डोडापोस्त बरामद हुआ।

# चिकित्सकों ने दो घंटे तक की पेन डाउन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। धरने पर बैठे चिकित्सक।

हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर एलएनजेपी अस्पताल में सरकारी चिकित्सकों ने हड़ताल पर रहते हुए ओपीडी नहीं देखी। इसके चलते सिविल अस्पताल, मातृ-शिशु अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की सेवाएं पूर्ण रूप से प्रभावित रहीं। हालांकि हड़ताल के बावजूद इमरजेंसी केस अटेंड किए गए। वहीं, चिकित्सकों की हड़ताल के चलते जिले में करीब 1500 से अधिक मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ी। इस दौरान चिकित्सकों ने जहां मांगे पूरी नहीं होने पर 25 जुलाई से एमरजेंसी सेवाएं भी बंद करने की दी चेतावनी वहीं आर-पार की लड़ाई का ऐलान भी किया। चिकित्सकों की हड़ताल के चलते 100 फीसदी ओपीडी प्रभावित रही। मरीजों ने बताया कि डाक्टरों की हड़ताल का खामियाजा उनको भुगतना पड़ रहा है। वे दूर-दूर से इलाज के लिए पहुंचे लेकिन कोई डाक्टर व सुविधा नहीं होने से वापस लौटना पड़ रहा है। जिला प्रधान डा. प्रदीप नागर ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में चिकित्सकों की स्थाई भर्ती, पीजी पॉलिसी में बॉन्ड की राशि एक करोड़ से घटाकर 50 लाख की जाए। उसके लिए कुछ गिरवी ना रखवाया जाए। जिससे मध्यम वर्ग से आने वाले डॉक्टर पीजी करके जनता की सेवा कर पाएं। स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की कमी को पूरा करते हुए स्पेशलिस्ट कैडर का निर्माण एसोसिएशन के सुझाव पर किया जाए। अगर सरकार ने उनकी मांगे नहीं मानी को 26 जुलाई को इमरजेंसी सेवाएं भी बंद कर दी जाएंगी।

- **सरकारी चिकित्सकों ने हड़ताल पर रहते हुए ओपीडी नहीं देखी**

# डीजे के दौरान हुई हवाई फायरिंग में युवक जख्मी

**अंबाला।** डीजे नाइट के दौरान हुई हवाई फायरिंग में एक युवक जख्मी हो गया। घटना गांव खारुखेड़ा की बताई जा रही है। छर्रे लगने के कारण नगला जट्टान का मंजीत जख्मी हो गया। युवक को खून से लथपथ हालत में अंबाला कैंट के सिविल अस्पताल लाया गया था। चिकित्सकों ने उसे चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया था। अभी वहां उसका इलाज चल रहा है।घायल मंजीत के साथियों ने बताया कि मंजीत डीजे का काम करता है। वह किसी की डीजे नाइट पार्टी में डीजे वालों के संग गया था। गीतों पर सभी झूम रहे थे कि तभी धमाके की आवाज आई और कुछ छर्रे अचानक बाजू में आकर लगे। देखते ही देखते डीजे नाइट में हलचल मच गई। साहा थाना प्रभारी जितेंद्र ने बताया कि अस्पताल से रूक्का मिला था। घायल के बयान दर्ज करने के लिए पुलिस जवान चंडीगढ़ भी गए थे लेकिन युवक अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है।

**उमड़ा सैलाब** | भगवान जगन्नाथ का रथ खींचने के लिए उमड़े श्रद्धालु

# भगवान जगन्नाथ के जयकारों और वैदिक मंत्रों से गूंजी धर्मनगरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



यमुनानगर के छप्पर में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर जाम लगाते परिजन।

इस्कॉन प्रचार समिति की ओर से शहर में भगवान जगन्नाथ रथयात्रा सोमवार को धूमधाम से निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों भक्तों ने शामिल होकर श्रीठाकुर जी का आशीर्वाद लिया। धार्मिक परंपरा के अनुसार भगवान श्रीजगन्नाथ, बलराम जी और सुभद्रा को रथ में सुशोभित किया गया। श्रद्धालुओं ने रथ खींचकर अध्यात्मिक शांति महसूस की और जय श्रीजगन्नाथ के जयकारों के साथ लोगों ने नाचकर प्रभु आनंद प्राप्त किया। इस दौरान पूरा क्षेत्र भगवान जगन्नाथ के जयकारों और वैदिक मंत्रों से गूंजता रहा। रथ यात्रा के पावन अवसर पर सैकड़ों की संख्या में जुटे श्रद्धालुओं में भगवान की एक झलक पाने और उनके रथ की रस्सी खींचने को लेकर होड़ मची रही। इससे पहले दोपहर को ज्योतिसर स्थित श्रीकृष्ण अर्जुन मंदिर में महाआरती की गई। शाम को गौड़िया मठ से भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा शुरू हुई। राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने नारियल फोड़कर और रस्सी से भगवान जगन्नाथ का रथ खींचकर यात्रा की शुरूआत की। रथ यात्रा की अगुवाई महावीर कर रहे थे। शहर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भगवान जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा की पूजा अर्चना की गई। कई भक्तजन सड़कों पर झाड़ू लगाते हुए आस्था की भवसागर में डूबकी लगाते रहे। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ का गुणगान होने से समूचा वातावरण धर्ममय बना रहा। भगवान जगन्नाथ रथयात्रा में श्रद्धालु ढोल एवं इस्कॉन के भक्तों द्वारा मृदंग एवं करताल के साथ भगवान के रथ के आगे कीर्तन करते हुए चले रहे थे। दिल्ली से इस्कॉन कुछ वैष्णव सन्यासी भक्त भी भजन गाते हुए यात्रा के साथ चल रहे थे। शहर में आठ जगहों पर क्रेन से जगन्नाथ को भोग लगाया गया। इस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साक्षी गोपाल ने बताया कि शास्त्रों में बताया गया है कि भगवान का रथ पर दर्शन करने मात्र से कोटि जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं और यही कृपा देने के लिए भगवान रथ पर बैठकर सड़कों पर दर्शन देते हैं।

- **सुभाष सुधा ने रस्सी से भगवान जगन्नाथ का रथ खींचकर यात्रा की शुरूआत की**

### दुल्हन की तरह सजा शहर

यात्रा में भगवान जगन्नाथ ने अपने भाई बलदेव और बहन सुभद्रा महारानी के साथ कैथल शहरवासियों को रथ पर विराजमान हो कर दर्शन दिए। उनके स्वागत के लिए पूरे शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया था। शहर में जगह-जगह स्वागत के लिए तोरण द्वार बनाए गए थे और रंग बिरंगी लाइटों से सडकों को सजाया गया था। गौड़यि मठ से शुरू होकर रथ यात्रा बिरला मंदिर, मीरी पीरी चौक, रेलवे रोड, पिपली रोड होते हुए सेक्टर 13 के कांग्रेस भवन पर जाकर समाप्त हुई।

# हेरोइन के साथ एक युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर में पुलिस द्वारा अवैध नशीले पदार्थ हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया आरोपी नशातस्कर। फोटो : हरिभूमि

हजारों रुपये की हेरोइन लेकर कहीं सप्लाई करने जा रहे एक नशातस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 6.14 ग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिला पुलिस प्रशासन द्वारा नशातस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी के तहत रामपुरा पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक चिट्टा मंदिर क्षेत्र में कोई अवैध नशीला पदार्थ लिए घूम रहा है। सूचना मिलते ही उप निरीक्षक सतपाल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर आरोपी को पकड़ लिया। इस दौरान मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में नायब तहसीलदार अनिल कुमार को बुलाया गया। जिनके सामने आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके पास से 6.14 ग्राम हीरोइन बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी की पहचान मसाना रांगडान निवासी अमनदीप के नाम से हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेशकर एक दिन के पुलिस रिमांड पर ले लिया। रिमांड के दौरान आरोपी से पता लगाया जाएगा कि वह हेरोइन कहां से खरीद कर लाता है और किसे सप्लाई करता है।

- **पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर लिया एक दिन का रिमांड**

खबर संक्षेप

### दो सूने घरों व दुकान से 45 हजार रुपये व आभूषण चोरी

**यमुनानगर।** जिले में चोरों ने दो सूने घरों व दुकान को निशाना बनाकर 45 हजार रुपये की नकदी व आभूषण चोरी कर लिए। दोनों सूने घरों में चोरी करने का आरोप एक युवक पर लगा है। तीर्थनगर निवासी मुकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कॉपी फैक्ट्री के पास किराए के मकान में रहता है। उनके पड़ोस में प्रीतम का परिवार भी रहता है। वह सभी फैक्ट्री में काम करते हैं। 13 जुलाई को दोपहर का खाना खाकर वह फैक्ट्री में चले गए थे। शाम पांच बजे जब वह वापस आए तो उनके कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर कमरे से साढ़े 13 हजार रुपये, झुमके, पाजेब, चुकटियां, लोकेट व अन्य सामान गायब था। इसी प्रकार उनके पड़ोसी प्रीतम के घर से 20 हजार रुपये गायब मिले।

### दुकान के गल्ले से 12 हजार रुपये चोरी

**यमुनानगर।** गांव करेहड़ा खुर्द निवासी संजीव कुमार ने बताया कि वह गांव का सरपंच है। उसकी गांव में ही दुकान है। 13 जुलाई को दोपहर दो बजे वह खाना खाकर एक पंचायत में भाग लेने के लिए चला गया। जब वहां से वापस आया तो दुकान का ताला टूटा हुआ था और गल्ले से नकदी गाबय थी। जांच करने पर दुकान से 12 हजार रुपये गायब मिले।

### पूर्व विधायक के कार्यालय में पांच दोस्तों पर हमला

**यमुनानगर।** शहर के कमानी चौक स्थित पूर्व विधायक के कार्यालय में पार्टी में गए पांच दोस्तों पर दो दर्जन से अधिक युवकों ने तेजधार हथियारों, कटर व रॉडों से हमला कर दिया। शहर की बिशनदास कॉलोनी निवासी मोहम्मद कैफ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 14 जुलाई को वह अपने दोस्तों विशाल कौरी, सोनू, अभय व गुरदीत्ता सिंह के साथ कमानी चौक स्थित पूर्व विधायक के कार्यालय में पार्टी में गए थे। जब वह पार्टी के दौरान दफ्तर में बैठे हुए थे तो पार्टी में 20-25 अन्य युवक भी आए हुए थे। जिनकी उसके दोस्त विशाल कौरी के साथ पुरानी रंजिश थी। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने उन पर तेजधार हथियारों, कांच की बोतलें, गिलास, कटर व लोहे की रॉड से हमला कर दिया।

### जगन्नाथपुरी की तर्ज पर आज निकलेगी रथ यात्रा

**यमुनानगर।** धरती के बैकूंठ कहे जाने वाले जगन्नाथपुरी धाम की तर्ज पर यमुनानगर में भगवान रथयात्रा का आयोजन मंगलवार को शाम पांच बजे किया जाएगा। रथयात्रा में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व प्रदेश के कृषि मंत्री कंवरपाल यात्रा में भाग लेंगे। मौके पर सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा समेत तमाम गणमान्य मौजूद रहेंगे। इस्कॉन प्रचार समिति यमुनानगर जगाधरी के चेयरमैन रामनिवास गर्ग ने बताया कि इन दिनों देश भर में भगवान जगन्नाथ रथयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में यमुनानगर में मंगलवार को शाम पांच बजे 24वीं रथयात्रा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रथयात्रा में इस बार मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भाग लेंगे। उनके साथ कृषि मंत्री कंवरपाल और सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा मौजूद रहेंगे।

## अयोध्या धाम के लिए श्रद्धालुओं का जत्था हुआ रवाना

# गरीब व जरूरतमंदों के लिए बड़ा सम्मान है मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजनाः कंवरपाल

- मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत बस में सवार होकर अयोध्या धाम में श्रीराम लला के दर्शनों के लिए रवाना हुए श्रद्धालु
- हरियाणा के कृषि एवं कल्याण मंत्री कंवरपाल ने श्रद्धालुओं से भरी बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना


**यमुनानगर।** अयोध्या धाम जाने वाले श्रद्धालुओं की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कृषि मंत्री कंवरपाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवर पाल ने सोमवार को मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत यमुनानगर जिला से अयोध्या धाम के लिए श्रद्धालुओं से भरी एसी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस बस में 26 तीर्थ यात्री सवार हैं। जो अयोध्या में श्री राम मंदिर में श्रीराम लला समेत अन्य मंदिरों में दर्शन करेंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि श्री राम के दर्शनों के लिए यमुनानगर से जत्था रवाना किया है। एक लम्बे समय बाद अयोध्या में भगवान श्री राम का दिव्य और भव्य मंदिर बना है जो हमारे लिए सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के जरिए प्रदेश के श्रद्धालु निःशुल्क देश के महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों के दर्शन करेंगे। इसके लिए प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से अब तक दर्जनों एसी वोल्वो बसे सरकार की तरफ से रवाना की जा चुकी हैं और सैकड़ों यात्री अयोध्या सहित अन्य तीर्थ स्थलों का भ्रमण कर चुके हैं। इस अनोखी योजना से श्रद्धालुओं की आस्था को भी सम्मान मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी आए दिन गरीब व्यक्तियों के उत्थान के लिए योजनाओं को मूल रूप दे रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना भी गरीब व जरूरतमंद के लिए एक बहुत बड़ा सम्मान है। कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि इन यात्रियों को एक किट भी दी गई है। जिसमें पवित्र ग्रंथ रामचरित मानस, पीने के लिए पानी, कॉपी, पैन उपलब्ध करवाया गया है और सरकार द्वारा इनके ठहरने, खाने पीने की व्यवस्था की गई है। श्रद्घालुओं ने मंत्री से कहा कि यह सरकार की एक बहुत बड़ी सोच है कि जो व्यक्ति तीर्थ स्थानों पर आर्थिक अभाव से नहीं जा सकता है। उनके लिए सरकार ने प्रबंध किया है। यह एक बहुत बड़ी सरकार की पहल है। मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा व जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी डॉ. सुनील बसताड़ा ने मुख्यातिथि का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर एआईपीआरओ मनोज पांडेय मौजूद रहे।


**यमुनानगर।** जगाधरी स्थित अपने कार्यालय पर आयोजित जनता दरबार में आमजन की समस्याएं सुनते हुए कृषि मंत्री कंवरपाल।

### कृषि मंत्री कंवरपाल ने लगाया जनता दरबार, सुनीं लोगों की समस्याएं

**मुनानगर।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने सोमवार को जगाधरी स्थित अपने कार्यालय पर जनता दरबार लगाया। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याएं सुनी और अधिकांश का मौके पर समाधान कर दिया। शेष समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को सौंपकर उनका शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि जनता का प्रतिनिधि होने के नाते सरकार एवं प्रशासन के प्रति जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का निवारण करना मेरा दायित्व ही नहीं है, बल्कि कर्तव्य भी बनता है। उन्हें जब भी समय मिलता है वे लोगों समस्याएं एवं शिकायतें सुनकर उनका समाधान करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता एवं हलके के लोग अपनी भिन्न भिन्न प्रकार की समस्याएं लेकर उनके पास आते हैं। मेरा भी यही प्रयास रहता है कि लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान हों और जो समस्याएं प्रशासन से संबंधित होती हैं। उनके समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को तुरन्त निर्देश दिए जाते हैं। वहीं, जनता दरबार में जनता ने बिजली एवं पानी से संबंधित, ग्रांट, स्थानांतरण, अनुदान राशि दिलवाने, पेंशन, राशन दिलवाने, पीला राशन कार्ड बनवाने व पक्का मकान बनवाने आदि समस्याएं रखी। जिनमें से अधिकांश का कृषि मंत्री ने मौके पर समाधान कर दिया। जबकि जो समस्याएं शेष बची उन्हें संबंधित अधिकारियों के पास समाधान के लिए भेज दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें। ताकि आमजन को परेशानियों का सामना ना करना पड़े।


**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में ग्लोबल वार्मिंग पर आयोजित जागरुकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते प्रिंसीपल डॉ. एचएस कंग।

## एनसीसी कैडेट्स ने निकाली ग्लोबल वार्मिंग जागरुकता रैली

- डॉ. मेजर एचएस कंग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के एनसीसी कैडेट्स ने सोमवार को नगर में ग्लोबल वार्मिंग पर जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान कैडेट्स ने लोगों को ग्लोबल वार्मिंग के प्रति जागरुक किया। जागरुकता रैली को कॉलेज प्रिंसीपल डॉ. मेजर एचएस कंग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में कैडेट्स का मार्ग दर्शन कमाडिंग ऑफिसर कर्नल जरनैल सिंह व प्रशासनिक अधिकारी कर्नल संदीप शर्मा ने किया।कॉलेज प्रिंसीपल डॉ. हरिंदर सिंह कंग ने कहा कि वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग के प्रति लोगों का जागरुक होना आवश्यक है। क्योंकि तापमान में परिवर्तन होने के कारण गर्मी बढ़ रही है। उन्होंने कैडेट्स व एनसीसी अधिकारियों द्वारा ग्लोबल वार्मिंग पर जागरुकता रैली निकालने के लिए सराहना की। मौके पर कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने की तत्काल आवश्यकता के बारे में समुदाय को शिक्षित करना बेहद जरुरी है।

उन्होंने कहा कि आज सभी को ग्लोबल वार्मिंग को लेकर सचेत होना बेहद जरुरी है। मौके पर एनसीसी कैडेटस ने पोस्टर मेकिंग करके ग्लोबल वार्मिंग पर अपने विचारों को दर्शाया।

इस अवसर पर डॉ. कमलप्रीत कौर, डॉ. बोध राज, डॉ. रणजीत सिंह, डॉ. राजिंदर सिंह वोहरा, एनसीसी कार्यवाहक अधिकारी डॉ. जोशप्रीत सिंह व सुश्री रविता सैनी आदि मौजूद रही।

## युवती को विदेश भेजने के नाम पर हड़पे 14 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव पीरूवाला निवासी महकप्रीत कौर को विदेश भेजने के नाम पर 14 लाख 62 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप गांव बूटगढ़ निवासी कमल, कोमल, मंजू देवी, गांव ककडोनी निवासी बुधराम, गांव शाहपुर निवासी विजय पांडे तथा पंजाब के गांव छतबीड़ निवासी गुरप्रीत सिंह पर लगा है।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव पीरूवाला निवासी हरमिंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी लड़की महकप्रीत कौर पढ़ाई के लिए विदेश जाना चाहती थी। इस दौरान उसकी मुलाकात गांव शाहपुर निवासी विजय पांडे के साथ हुई। विजय पांडे ने उसे कमल व कोमल से मिलवाया। इस दौरान आरोपियों ने मंजू देवी, बुधराम व गुरप्रीत सिंह से बात की। आरोपियों ने उसे कहा कि वह उसकी लड़की को स्टडी वीजा पर आस्ट्रेलिया भेज देंगे। इसके लिए साढ़ 16 लाख रुपये खर्च आएगा। उसने आरोपियों पर विश्वास करके उन्हें अपनी लड़की के दस्तावेज व 14 लाख 65 हजार रुपये दे दिए। मगर इसके बाद भी आरोपियों ने उसकी लड़की को विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होनें कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

## करियर चुनने में काउंसलिंग करती है मदद

- मुकंदलाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में करियर काउंसलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के मुकंदलाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने किया।

प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने बताया कि यह एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यह विद्यार्थियों की क्षमताओं रुचियां और लक्ष्य के अनुसार सही करियर चुनने में मदद करती है। यह उन्हें उनके सीमित संसाधनों का प्रयोग करके सफलतापूर्वक उनके लक्ष्य की दिशा में ले जाती है। करियर काउंसलिंग में विभिन्न मापदंडों पेशेवर विकल्पों और शैलियों का अध्ययन किया जाता है। ताकि विद्यार्थि एक सटीक और संगत करियर चुन सके। करियर काउंसलिंग का कार्यक्रम कक्षा 6 से 12वीं तक के बच्चों के लिए किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विल्सन कुमार व पीटीआई सचिन कुमार ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों के अच्छे और उज्जवल भविष्य की कामना की।


मुकंदलाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर में विद्यार्थियों के लिए किया करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन

**यमुनानगर।** मुकंदलाल नेशनल स्कूल में आयोजित करियर काउंसलिंग कार्यक्रम में अपने विचार रखते वक्ता।

### युवक ने आठवीं कक्षा की छात्रा के साथ किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** जिले के बूडिया थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने रात को आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा को घर से बाहर बुलाकर धर्मशाला में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बूडिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका उसके लड़के की छह वर्ष पहले मौत हो गई थी। उसके लड़के के पास 14 साल की लड़की व एक लड़का है। लड़की आठवीं कक्षा में पढ़ती है। पौती ने बताया कि उनके गांव का ही ललित ने रात को साढ़े 12 बजे फोन करके घर के बाहर बुलाया। जब वह घर के बाहर गई तो आरोपी उसे जबरदस्ती गांव की धर्मशाला में लेकर गया। जहां आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

## अत्याचार निवारण योजना के तहत दस लाभ पात्रों को 14 लाख रुपये की दी आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक ऑनलाइन माध्यम से हरियाणा सरल पोर्टल द्वार भी आवेदन कर सकते

जिला में अत्याचार निवारण स्कीम के तहत चालू वित्त वर्ष में अब तक दस लाभपात्रों को 14 लाख रुपये की दी आर्थिक सहायता दी गई है। इसके अलावा सरकार द्वारा अंत्योदय की भावना से कार्य करते हुए आमजन के साथ साथ अंत्योदय परिवारों के लिए भी अनेक योजनाएं क्रियान्वित कीगई हैं। उक्त जानकारी सोमवार को जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने अपने कार्यालय में दी। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिला कल्याण कार्यालय के डाटा अनुसार अत्याचार निवारण स्कीम के तहत गत अप्रैल से 30 जून तक 10 लाभपात्रों को 14 लाख रुपये की सहायता दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय विभाग द्वारा जनकल्याण के लिए अनेक योजनाओं के माध्यम से आमजन को आर्थिक सहायता दी जा रही है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक ऑनलाइन माध्यम से हरियाणा सरल पोर्टल द्वार भी आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि अनुसूचित जाति के व्यक्तियों पर गैर अनुसूचित जाति के व्यक्तियों द्वारा होने वाले अत्याचारों जैसे भूमि का अनाधिकृत कब्जा, कत्ल, डकैती, बलात्कार, आगजनी तथा नरसंहार से पीड़ति हो आदि को अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण स्कीम अधिनियम के अन्तर्गत 85 हजार रुपये से सवा आठ लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता पीड़तिों को प्रदान की जाती है। इस नियम के तहत गैर अनुसूचित जनजाति वर्ग के किसी व्यक्ति अथवा समूह द्वारा अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति अथवा परिवार को शारीरिक अथवा संपत्ति अथवा दोनों प्रकार की हानि पहुंचाने अपमानित करने, मानसिक पीड़ा पहुंचाने पर विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान की जाती है।

## क्लर्कों ने लघु सचिवालय के समक्ष मांगों को लेकर किया सांकेतिक धरना व प्रदर्शन

- सीबीडब्ल्यूएस यूनियन से जुड़े क्लर्कों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर के लघु सचिवालय के समक्ष सांकेतिक धरना प्रदर्शन करते हुए क्लर्क।

जिले के विभिन्न विभागों के क्लर्कों ने सोमवार को लघु सचिवालय के बाहर सीएडब्ल्यूएस यूनियन के बैनर तले सांकेतिक धरने का आयोजन किया। मौके पर कर्मचारियों ने सरकार के विरूद्ध नारेबाजी कर अपना रोष प्रकट किया। यूनियन के जिला प्रधान दीपक ढुल ने बताया कि क्लेरिकल कैडर वर्षों से अपना वेतन बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रहा है। लेकिन अभी तक किसी भी सरकार ने इनकी कोई सुध नहीं ली। उन्होंने कहा कि करनाल में गत 7 जुलाई को राज्य स्तरीय विरोध प्रदर्शन किया गया था। जिसके बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 10 जुलाई को बातचीत के लिए बुलाया था। लेकिन क्लर्क यूनियन के प्रतिनिधिमंडल की मांगो को लेकर सरकार के अधिकारी सकारात्मक नहीं दिखे। सरकार के इस व्यवहार को देखते हुए सीएडब्ल्यूएस यूनियन ने साइकिल यात्रा और पैदल मार्च का निर्णय लिया है। जिसमें हरियाणा के सभी जिलों से यह यात्रा चंडीगढ़ मुख्यमंत्री आवास पहुंचेगी। इसके साथ ही हर जिले के लघु सचिवालय के बाहर सांकेतिक धरना चलता रहेगा। यदि सरकार जायज मांगे नहीं मानती है तो क्लर्क फिर से पूर्ण हड़ताल पर जाने को विवश हो जायेंगे और इसकी पूरी जिम्मेवारी सरकार की होगी।



### बच्चों को सिखाई योग की क्रियाएं

**रादौर।** एमडीवीएम पब्लिक स्कूल हाफिजपुर में सोमवार को मेडिटेशन कक्षाओं का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों व स्टाफ सदस्यों ने मेडिटेशन किया। योगा टीचर रंजना कांबोज की देखरेख में बच्चों को योगा करवाया गया। टीचर रंजना कांबोज ने बच्चों को पद्यमासन की विधि बताई। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन अनिल कांबोज ने बताया कि योग हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। योग के माध्यम से ही षि मुनि हजारों सालों का जीवन जीते थे। बच्चों को मानसिक व शारीरिक तौर पर मजबूत रखने के लिए योग ही एकमात्र सहारा है। योग से जटिल बीमारियों का अंत किया जा सकता है। इसलिए सभी को प्रतिदिन योग अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन अनिल कांबोज, प्रिंसीपल अंजू गुलाटी, गीता कांबोज व वाइस प्रिंसिपल रजनी शर्मा आदि मौजूद रहे।

रोष | ब्राह्मण समाज के प्रति कथित टिप्पणी करने के मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

## ब्राह्मण समाज के लोगों ने जिला सचिवालय के समक्ष किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



- -आरोपी के खिलाफ कार्रवाई को लेकर गुस्साए ब्राह्मण समाज के लोगों ने जिला सचिवालय के समक्ष किया धरना प्रदर्शन

ब्राह्मण समाज के प्रति सोशल मीडिया पर कथित अभद्र टिप्पणी करने के मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने के विरोध में सोमवार को समाज के लोगों ने जिला सचिवालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान ब्राह्मण समाज के लोगों ने उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार व पुलिस अधीक्षक गंगा राम पुनिया से मिलकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। एसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए छछरौली के पुलिस उपाधीक्षक को मामले में तुरंत जांच करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार सुबह जिले भर से ब्राह्मण समाज के सैंकड़ो लोग जिला सचिवालय के समक्ष पहुंच गए और धरना प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान ब्राह्मण समाज के लोगों ने उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार व एसपी गंगाराम पुनिया से मिलकर बताया कि गत दिनों राजकीय विद्यालय आहड़वाला में तैनात एक कनिष्ठ प्रोफेसर ने सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समुदाय को लेकर अभद्र और अशोभनीय टिप्पणी की थी। जिससे ब्राह्मण समाज काफी आक्रोशित है। इस मामले को लेकर सप्ताह भर पहले समाज के लोग जिला प्रशासन के अधिकारियों से मिले थे और कार्रवाई की मांग की थी। उस समय प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया था। मगर अभी तक प्रशासन ने आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। जिससे ब्राह्मण समाज के लोग आक्रोशित हैं। उन्होंने उपायक्त व पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया से मिलकर आरोपी कनिष्ठ प्रोफेसर के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। जिस पर पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुलिस ने ब्राह्मण समाज के लोगों को मामले में जांच कर कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया और तुरंत छछरौली के पुलिस उपाधीक्षक को मामले में जांच के आदेश दिए। इस दौरान ब्राह्मण समाज के लोगों ने प्रशासन को चेताया कि यदि आरोपी के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो समाज के लोग कोई बड़ा निर्णय लेंगे। मौके पर पंडित रमेश कुमार, कपिल, रामपाल, गोपाल, सुरेश शर्मा व अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### होस्टल मैस वर्कर यूनियन ने सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। होस्टल मैस वर्कर यूनियन ने मांगों को लेकर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के चीफ वार्डन डॉ जसबीर ढांडा और महिला चीफ वार्डन डॉ कुसुम लता को मांग पत्र सौंपा। होस्टल मैस वर्कर यूनियन ने प्रशासन से यह मांग की लेबर कोर्ट द्वारा आया अवार्ड लागू किया जाएं। जो 31 मार्च 2017 को आया था। जोकि 2003 कि पोलिसी के तहत पक्के किए जाएं। होस्टल मैस वर्कर यूनियन 16 जुलाई को मांग पत्र कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति और कुलसचिव को सौंपगे।

### बरसात के मौसम में बरतें सावधानी : सुखबीर

**कुरुक्षेत्र।** जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा है कि बरसात के मौसम दौरान फैलने वाली बीमारियों से बचाव के लिए सावधानी रखनी जरूरी है। लापरवाही के चलते डेंगू, चिकनगूनिया और मलेरिया जैसी बीमारी भी खतरनाक साबित हो सकती है। साफ वातावरण बेहद जरूरी है। इसलिए सभी को मिलकर सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। गंदगी के कारण भी बीमारी फैलने का डर बना रहता है। हालांकि प्रशासन की ओर से सफाई की व्यवस्था की जाती है फिर भी लोगों का सहयोग हर क्षेत्र में जरूर है। सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा है कि सभी लोगों को मिलकर बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रयास करने चाहिएं।

### तहसीलों में आमजन की परेशानी को देखते हुए नोटिस लगाया

# कंप्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर तहसीलों में कामकाज रहा ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिलेभर के कंप्यूटर ऑपरेटर मांगों को लेकर तय शेड्यूल अनुसार सोमवार को हड़ताल पर रहे, जिसके चलते तहसील-सब तहसीलों में कामकाज पूरी तरह ठप रहा। कामकाज के लिए पहुंची पब्लिक को भटकना पड़ा। तहसीलों में पब्लिक की परेशानी को देखते हुए नोटिस लगाया गया था, कि कंप्यूटर प्रोफेशनल की हड़ताल के कारण कार्य बाधित होने पर खेद है। बता दें रजिस्ट्री, आरसी-लाइसेंस, जाति-प्रमाण पत्र, डोमिसाइल सहित अन्य कामकाज के लिए जिलाभर की तहसील-सब तहसील में 2500 से अधिक लोग पहुंचते हैं। कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ के बैनर तले जिलेभर के कंप्यूटर ऑपरेटर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। कंप्यूटर ऑपरेटर सुबह ही एकत्रित होकर करनाल के लिए रवाना हो गए। कंप्यूटर आपरेटर पिछले कई महीनों से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। कंप्यूटर ऑपरेटर की मुख्य मांगों में समान कार्य समान वेतन, रेगुलाइजेशन पॉलिसी में शामिल करना और 58 साल की उम्र तक सर्विस सुरक्षा प्रदान करना शामिल है। जिला उपायुक्त कार्यालय से लेकर तहसील सहित अन्य विभागों में करीब 110 कंप्यूटर ऑपरेटर कार्यरत है। जिले में हर रोज 300 के करीब रजिसट्रियां, 300 इंतकाल और एक हजार के करीब जमाबंदी से संबंधित काम होते हैं। इसके अलावा आय प्रमाणपत्र, जातिप्रमाण पत्र 500 के करीब, लाइसेंस व आरसी 500 से 700 के करीब हर रोज तैयार होती हैं तो वहीं दूसरे विभागों में भी हर रोज सैकड़ों लोगों से जुड़े काम किए जाते हैं। ऐसे में कंप्यूटर ऑपरेटर के हड़ताल पर जाने से ये सभी काम प्रभावित हुए। तहसील परिसर में सोमवार को कुर्सियां खाली पड़ी रही।



कुरुक्षेत्र। तहसील परिसर में खाली पड़ी कुर्सियां। फोटो : हरिभूमि

### मांगे न मानने तक जारी रहेगी अनिश्चितकालीन हड़ताल : प्रमोद नागपाल

हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ के जिला प्रधान प्रमोद नागपाल का कहना है कि प्रदेशभर के कंप्यूटर ऑपरेटर पिछले कई महीनों से अपनी मांगों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन प्रदेश सरकार कंप्यूटर ऑपरेटरों की जायज मांगों को मानने के लिए तैयार नहीं हैं, इसके लिए अब अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने का निश्चय लिया गया है। मांगें न मानने तक हड़ताल जारी रहेगी।



कुरुक्षेत्र। धरने पर बैठे लिपिक। फोटो : हरिभूमि

### लिपिकों ने शुरू किया सांकेतिक धरना

**कुरुक्षेत्र।** क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसायटी के आह्वान पर आज से हरियाणा के लिपिक वर्ग ने जिला मुख्यालयों पर सांकेतिक धरना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में कुरुक्षेत्र में जिला सचिवालय के सामने लिपिक वर्ग सांकेतिक धरने पर बैठ गया है। बीती 7 जुलाई को पूरे हरियाणा के लिपिक वर्ग ने अपनी मांगों को लेकर करनाल में रोष प्रदर्शन किया था। उसी दिन क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसायटी के प्रतिनिधि मंडल ने करनाल में मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री नायब सैनी से अपनी मांगों को लेकर बैठक की थी। बैठक में मुख्यमंत्री ने एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल को 10 जुलाई को चंडीगढ़ सचिवालय में अधिकारियों के साथ बातचीत करवाने का आश्वासन दिया था। 10 जुलाई को एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजेश खुल्लर से मिला। प्रधान सचिव ने उस दिन बैठक में लिपिक वर्ग की मांगों के प्रति ज्यादा गंभीरता नहीं दिखाई और अगली बैठक के लिए 16 जुलाई का समय दे दिया। एसोसिएशन ने सरकार का अपनी मांगों के प्रति ढीले रविए के कारण आज से पूरे हरियाणा में सांकेतिक धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। एसोसिएशन के कुरुक्षेत्र जिला संरक्षक और वरिष्ठ साथी शशि भूषण शर्मा ने बताया कि राज्य कार्यकारिणी के आदेशानुसार आज से जिले का लिपिक वर्ग जिला सचिवालय के सामने सांकेतिक धरने पर बैठ गया है।

## सतयुग दर्शन ट्रस्ट करवा रहा मानवता ओलंपियाड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सतयुग दर्शन ट्रस्ट द्वारा 10वां मानवता ओलंपियाड गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल अजराना कलां, झांसा, धुराला में करवाया गया। मानवता ओलंपियाड में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर ट्रस्ट के सदस्य मनोज गावा, जितेंद्र अरोड़ा, प्रोमिला, अंजू, रेनु व भावना नागपाल मौजूद रहे। मनोज गाबा ने बताया कि मानवता ओलंपियाड एक आनलाइन प्रतियोगिता है। इसमें प्रश्न पत्र के माध्यम से विद्यार्थियों के ज्ञान को परखा जाता है। 40 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाने वाले हर प्रतिभागी को ई-सर्टिफिकेट तुरंत ही प्राप्त हो जाता है। सदस्य जितेंद्र अरोड़ा ने बताया कि इस ऑनलाइन पेपर को 31 अगस्त तक कभी भी कर सकते हैं। अब तक कुरुक्षेत्र जिले से 20 स्कूलों के द्वारा एग्जाम करवाया जा रहा हैं। हरियाणा सरकार से भी हर स्कूल में मानवता ओलंपियाड करवाने की परमिशन ली गई है जिसमें बच्चे बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। 7 सितंबर को इसका परिणाम घोषित किया जाएगा तथा विजेताओं को फरीदाबाद वसुंधरा परिसर में गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा सम्मानित किया जाएगा।



कुरुक्षेत्र। मानवता ओलंपियाड बारे बच्चों को बताते सदस्य मनोज गाबा। फोटो : हरिभूमि

### सैनी परिवार ने किया प्रभातफेरी का भव्य स्वागत

**पिहोवा।** महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणाओं से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में गौसेवा को समर्पित सोमवार की प्रभातफेरी शिव कुमार सैनी परिवार के सौजन्य से शास्त्री कलोनी मे आयोजित की गई। प्रभात फेरी मे विशेष रूप से पहुंची संत आत्मविभोर पुरी महाराज ने अपने प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। सैनसंस पेपर मिल के एम.डी. प्रदीप सैनी जो पिछले कई वर्षों से श्री कृष्ण कृपा गौशाला से जुड़े हुए हैं। चाहे गौशाला का निर्माण कार्य हो, चारे की सेवा या अन्य किसी प्रकार के सामान की व्यवस्था की सेवा में अग्रणी पंक्ति में रहते हैं। इनका मानना है कि गौसेवा से बढ़कर और कोई सेवा हो ही नहीं सकती।

## पौधरोपण अभियान का किया शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

लाडवा की रोटरी व रोट्रैक्ट क्लब की ओर से पौधरोपण अभियान का शुभारम्भ किया गया। रोट्रैक्ट प्रधान इशांत गर्ग ने बताया कि बरसात का मौसम प्रारम्भ होते ही हर वर्ष की भांति क्लबों की ओर से लाडवा तहसील, खेल स्टेडियम, लाला जमना दास अग्रवाल पार्क व मुख्य मार्ग पर बने डिवाइडरों पर नीम, पीपल, शीशम, गुड़हल, अमरूद, जामुन, बोतलब्रश और अन्य फूलदार व छायादार पौधे लगाए गए। पौधारोपण के पहले चरण में लगभग 100 पौधे लगाए गए और ऐसे 4 चरणों में लगभग 400 पौधे पूरे शहर में लगाये जाएंगे। रोटरी प्रधान नरेश गर्ग ने कहा कि जिस तरह से हमने जीवन के हालात देखें हैं और कोरोना महामारी की वजह से जिस प्रकार ऑक्सीजन की कमी से पूरे देश में हाहाकार हुआ उसे देखते हुए अधिक पौधे लगाना आवश्यक है।




लाडवा। रोटरी व रोट्रैक्ट क्लब के सदस्य पौधारोपण अभियान में भाग लेते हुए।

**ये रहे मौजूद:** मौके पर रोटरी प्रधान नरेश गर्ग, सचिव राकेश खुराना, चिराग मेहता, संजीव जिंदल, विशाल मित्तल, राहुल भारद्वाज, अरुण करूड़वाल, अंकुर गुप्ता, राजेश मिगलानी, गौरव गोयल, सुमित गोयल, अनुभव मिगलानी, शुभम धीमान, जोरावर सिंह, विकास सिंघल, दुर्गेश गोयल, आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### बुनियाद केंद्रों पर नए सत्र का शुभारंभ: डॉ तरसेम

**कुरुक्षेत्र।** जिला कुरुक्षेत्र के सभी पांच बुनियाद केंद्रों पर नव सत्र 2024- 26 के लिए पौधारोपण करने के साथ की कक्षाओं का शुभारंभ किया गया। मिशन बुनियाद के जिला नोडल अधिकारी एवं जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि जिला कुरुक्षेत्र के सभी बुनियाद केंद्रों पर नए सत्र के लिए कक्षाओं का शुभारंभ आज औपचारिक रूप से किया गया जिसमें हरियाणा प्रदेश के सभी केंद्रों के विद्यार्थियों ने अपनी ऑनलाइन प्रस्तुति दी। जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने सभी नव चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि मिशन बुनियाद विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ साथ उनके सर्वांगीण विकास में भी अहम भूमिका निभा रहा है। उन्हें सभी विद्यार्थियों से कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया।



कुरुक्षेत्र। पौधरोपण करते शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### त्रैमासिक कार्यशाला का किया आयोजन



**थानेसर।** यूएसएफ कुरुक्षेत्र ने त्रैमासिक कार्यशाला का सफल आयोजन किया। इस कार्यशाला का संचालन डॉ. सुषमा शर्मा की देखरेख में हुआ। कोर समिति के सदस्य डॉ. रामनिवास और श्री दीपक चिब भी इस कार्यशाला में उपस्थित रहे। श्री दीपक चिब के प्रयासों से हरियाणा पीडब्ल्यूडी बी एंड आर के जे.ई. श्री प्रेम चंद मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रेम चंद ने शलिनियों को पारिवारिक मूल्यों के बारे में बताया और यह सिखाया कि हमें हमेशा अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए और उनकी बातों को सुनना चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार और केंद्रीय सरकार द्वारा आयोजित सरकारी परीक्षाओं का अवलोकन प्रस्तुत किया।

### पौधरोपण अभियान में सहयोग करने का किया आह्वान

**कुरुक्षेत्र/शाहबाद।** एबीवीपी के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व समाजसेवी सुभाष कलसाना ने शाहबाद के गांव छोडपुर में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आज लाभार्थी तक सरकार द्वारा जनहित में चलाई गई योजनाओ का सीधा लाभ पहुंच रहा है। पिछले साल बारिश के कारण शाहाबाद में बाढ़ जैसे हालात बन गए थे जिससे लोगों को काफी परेशानी और नुकसान का सामना करना पड़ा था इसीलिए भविष्य में ऐसे हालात ना पैदा हो इसको लेकर गांववासियों से चर्चा की और पर्यावरण की खुशहाली के लिए पौधे वितरित किए और उनके साथ मिलकर पौधारोपण भी किया वही राज्य सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यो को लेकर भी विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर दीपक आनंद, पंच विकास भट्टी, भूपदेव, सुखबिंद्र सिंह, पवन कुमार, राजकुमार, विशाल, अपर्णा पंडित, गौरव सैनी, गुलशन निम्मा और विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।



शाहबाद। पौधरोपण करते सुभाष कलसाना। फोटो : हरिभूमि

### निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर अधिकारियों को रखना होगा पूरा फोकस : सुधा

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि शहर के अलग-अलग वार्डों में 2 करोड़ से ज्यादा बजट से 18 गलियों और अन्य विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। इन निर्माण कार्यों की गुणवता पर अधिकारियों को विशेष निगरानी रखनी होगी। इन सडकों की सामग्री की गुणवता पर स्थानीय नागरिक भी ध्यान रखेंगे। अगर किसी भी स्तर पर गुणवत्ता में कमी पाई गई तो दोषी अधिकारी और एजेंसी को बख्शा नहीं जाएगा। राज्यमंत्री सुभाष सुधा गत्त देर सायं शहर के 23, 26, 27, 30, 31 नंबर वार्डों में नगर परिषद की तरफ से आयोजित कार्यक्रमों में बोल रहे थे। इससे पहले राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने अलग-अलग वार्डों में जाकर 2 करोड़ 2 हजार की अनुमानित लागत से बनने वाली 18 गलियों के निर्माण कार्य का विधिवत रुप से शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि नगर परिषद की तरफ से शहर की प्रत्येक कच्ची या खराब गली का निर्माण कार्य पूरा किया जा रहा है। इस शहर की अधिकतर खराब गलियों के टेंडर जारी कर दिए गए है। इस शहर की प्रत्येक गली पक्की होगी ताकि लोगों को उच्चस्तरीय सुविधाएं मिल सके।



## नवयुग स्कूल के बच्चों ने किया वाटरपार्क का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में कक्षा प्रथम से पंचम के विद्यार्थियों के लिए क्वेंचर वाटर पार्क, मसाना का एक दिवसीय भ्रमण का आयोजन किया गया। वाटर पार्क में सबसे पहले विद्यार्थियों को वेलकम ड्रिंक दी गई। उसके बाद उन्होंने विभिन्न प्रकार के झूलों का आनंद लिया। झूलों का आनंद लेने के बाद सभी विद्यार्थियों ने वाटर पार्क के स्विमिंग पूल में प्रवेश किया।

सभी विद्यार्थी बहुत ही उत्साहित थे। बच्चों की यह मनपसंद जगह होती है। वॉटर पार्क में विभिन्न प्रकार के वॉटर स्लाइड्स, स्विमिंग पूल थे जिनका विद्यार्थियों ने अलग अलग अंदाज में आनंद लिया। कुछ बच्चों ने स्विमिंग की,कुछ बच्चों के रेन डांस किया तथा सभी बच्चों ने वाटर वेव्स के साथ बहुत ही मनमोहक नृत्य किया। इस भ्रमण पर बच्चों के साथ गईं हुईं अध्यापिकाओं ने भी बच्चों के साथ स्विमिंग पूल में प्रवेश कर के उनके आनंद को दोगुना कर दिया। पूल से बाहर आने पर सभी विद्यार्थियों को बड़े ही व्यवस्थित ढंग से लंच करवाया गया। अंत में आईस क्रीम का आनंद लेते हुए सभी विद्यार्थी वापिस लौटे।



कुरुक्षेत्र। वाटर पार्क में मस्ती करते विद्यार्थी।

- वाटरपार्क में बच्चों ने लिया रेन डांस का आनंद

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा, प्रबंधक विकास गाबा, प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा, उप प्रधानाचार्या रिद्धिमा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, अध्यापिका ऋतु चौधरी, सोनिया, गरिमा, पायल, हरिंदर, मधु, पूनम, आशा, रिहाना, सरिता सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## 53 दिव्यांग छात्रों को दिए उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला के पांच खंडों बाबैन, लाडवा, शाहबाद, पिहोवा व थानेसर के दिव्यांग बच्चों को कृत्रिम अंग वितरण का कार्यक्रम राजकीय प्राथमिक विद्यालय सेक्टर 8 में करवाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परियोजना संयोजक संतोष शर्मा ने की। उन्होंने बताया कि 53 दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनके माध्यम से इन विद्यार्थियों को चलने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर एपीसी आईईडी राजेश शर्मा ने कहा कि जिले के प्रत्येक खंड में हरियाणा सरकार द्वारा आईईडी सेंटर तथा विशेष अध्यापकों को नियुक्त किया गया है जो सभी दिव्यांग बच्चों को शिक्षा से लेकर सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान करने में अपना योगदान देते है। इस अवसर पर प्रभा शर्मा, आस्था, मिनल शर्मा, ज्योति अरोड़ा, मीतू, राजेश कुमार, अनुज, सुनील, पवन पांडेय, हरिशंकर मिश्रा, रेनुका, बिजेंद्र, रितु गांधी, रमेश कुमार मौजूद रहे।



## नियमित कॉलोनियों के लिए जमा करवाना होगा विकास शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि नगर परिषद की सीमा से बाहर नियमित कॉलोनियों का विकास शुल्क अब जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर जमा करवाना होगा। इस पोर्टल पर फीस जमा होने के बाद डीटीपी कार्यालय की तरफ से एनओसी जारी की जाएगी। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने नगर एवं योजनाकार विभाग हरियाणा के निदेशक की तरफ से जारी आदेशों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नगर परिषद सीमा से बाहर नियमित कॉलोनियों की एनओसी के लिए अब प्लाट धारकों को डीटीपी के ऑनलाइन पोर्टल पर विकास शुल्क (डेवेलपमेंट चार्ज) जमा करवाना होगा। इसके लिए प्लाट धारकों को पहले डीटीपी के पास एनओसी के लिए आवेदन करना होगा। इसके बाद डीटीपी कार्यालय की तरफ से प्लाट धारक को विकास शुल्क की राशि का ब्यौरा दिया जाएगा। इसके बाद प्लाट धारक को डीटीपी के पोर्टल पर निर्धारित विकास शुल्क जमा करवाना होगा।

## दाखिले की तीसरी मेरिट सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटिग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टडीज द्वारा बीकॉम, बीएससी फिजिकल साइंस व बीएससी लाइफ साईंस में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए दाखिले की तीसरी मेरिट सूची जारी की गई। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि केयू आईआईएचएस की वेबसाइट पर उपलब्ध तीसरी मेरिट सूची के अनुसार बीकॉम के लिए अभ्यर्थियों को 16 जुलाई को कमरा संख्या 01(नई बिल्डिंग) में, बीएससी लाइफ साइंस के लिए अभ्यर्थियों को आईआईएचएस की जूलॉजी लैब में व बीएससी फिजिकल साईंस के लिए अभ्यर्थियों को कमरा नंबर 140 में फिजिकल काउंसलिंग हेतु 16 जुलाई को 8 बजकर 30 मिनट पर अपने संबंधित मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा। उन्होंने बताया कि दाखिला फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि 18 जुलाई 2024 निर्धारित है। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि बीकॉम में ऑल इंडिया जनरल की तीसरी मेरिट 99 से 97.2 तक, ऑल इंडिया ईडब्ल्यूएस की 95.8, हरियाणा जनरल की 96.6 से 96 तक, हरियाणा एससी की 94, हरियाणा डी-एससी की 89.4 से 88.4, हरियाणा बीसीए 94.4 से 93.8, हरियाणा बीसीबी 95.6 से 95.2 तक तथा डीए/ पीडब्ल्यूडी/ पीएच/ईएसएम की 91.6 पर समाप्त हुई। उन्होंने बताया कि बीएससी लाइफ साईंस ऑल इंडिया जनरल की तीसरी मेरिट सूची 91.2 से शुरू होकर 90.4 तक, हरियाणा जनरल की 90.2 से 88 तक, ऑल इंडिया ईडब्ल्यूएस की 86 से 85.2 तक, हरियाणा ईडब्ल्यूएस की 84.8 से 84.2, एससी की 87.4 से 85, डी-एससी 72.6 से 71.8, बीसी-ए 79.6 से 73.8, बीसी-बी 80.2 से 77.2 तक तथा डीए/ईएसएम/एफएफ की मेरिट 71.2 पर समाप्त हुई।



### राज्यमंत्री ने कष्ट निवारण समिति की 16 में से 13 शिकायतों का किया समाधान

# इंजीनियर मामले की जांच अब करेगी स्टेट विजिलेंस : सुधा

- जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति के चेयरमैन एवं परिवहन मंत्री असीम गोयल नहीं पहुंचे बैठक में, राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने शाहबाद शुगर मिल कर्मचारी यूनियन के महासचिव रामकुमार को न्याया दिलवाने के लिए शुगर मिल के एक इंजीनियर से संबंधित मामले की जांच स्टेट विजिलेंस को सौंपने के आदेश दिए है। हालांकि इस इंजीनियर के मामले में 2 एमडी की जांच रिपोर्ट में क्लीन चिट भी दी जा चुकी है, लेकिन हाउस के समक्ष शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों और कष्ट निवारण समिति के सदस्यों की मांग पर जांच का जम्मिा स्टेट विजिलेंस को सौंपने के आदेश दिए गए है। राज्यमंत्री सुभाष सुधा सोमवार को जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति के चेयरमैन एवं परिवहन मंत्री असीम गोयल के कन्हिी आकस्मिक कारणों से बैठक में ना आने के कारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने एजेंडे की 16 में से 13 शिकायतों का मौके पर समाधान किया और 3 शिकायतों में प्रार्थी के ना पहुंचने पर शिकायतों को लंबित रखने के आदेश दिए है। राज्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि लोगों की सेवा करना ही सरकार का एकमात्र लक्ष्य है। इस लक्ष्य को जहन में रखते हुए तमाम अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना चाहिए। इस मामले में जरा सी भी कोताही नहीं बरतनी चाहिए। राज्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी भवष्यि में भी समय पर बैठक में पहुंचना सुनश्चिति करें। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने मेहमानों का स्वागत करते हुए समिति की बैठक के एजेंडे की ब्रीफिंग की है। इस कार्यक्रम के मंच का संचालन एआईपीआरओ बलराम शर्मा ने किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक जेएस रंधावा, एडीसी डा. वैशाली शर्मा सहित अधिकारी और कष्ट निवारण समिति के सदस्य मौजूद थे।



कुरुक्षेत्र। शिकायतें सुनते राज्य मंत्री सुभाष सुधा। फोटो : हरिभूमि

### 13 शिकायतों का किया निपटारा

जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने गांव सिरसमा निवासी किरण गुप्ता, शुगर मिल कर्मचारी यूनियन के महासचिव रामकुमार, गांव रुडकी निवासी पुष्पींद्र कौर, गांव पाडलू के डेरा निवासियों, गांव गढ़ी सिंगा के कर्मजीत संधू, गांव झिंवरहेड़ी निवासी मंगत राम, गांव उझाना के मंहत योगी, चक्रवर्ती मौहल्ला निवासी सुनीता रानी, सलारपुर निवासी मैनेजर मैसर्ज सिंगला इंडस्ट्रीज, दयालपुर निवासी राजेंद्र कुमार, सेक्टर-7 निवासी राहुल सिंगला, नराकातरी रोड निवासी निशांत सिंह, अनाज मंडी निवासी बृजभूषण गर्ग की 13 शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया।

## खबर संक्षेप



अंबाला। छात्रों को नए कानूनों की जानकारी देते हुए विशेषज्ञ।

### छात्रों को तीन नए कानूनों के बारे में दी जानकारी

**अंबाला।** गृह मंत्रालय की तरफ से प्रॉसिक्यूशन विभाग को 3 कानून के बारे आमजन को जागरूक करने के लिए नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया हैं। इसी कड़ी में जिला न्यायवादी मनोज वशिष्ठ के मार्ग दर्शन में डिस्ट्रिक अट्रॉनी की टीम ने राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल पुलिस लाइन में एक कार्यक्रम के माध्यम से स्कूली विद्यार्थियों को इन तीन कानूनों के बारे विस्तार से जानकारी दी। वशिष्ठ ने इस मौके पर कहा कि मंत्रालय द्वारा जो जिम्मेवारी सौंपी गई है उसका टीम बखूबी निर्वहन करेगी। टीम द्वारा स्कूली विद्यार्थियों को तीन कानूनों के बारे जानकारी देते हुए बच्चों के सभी सवालों का जवाब दिया।

### रेलगाड़ी में महिला का बैग छीना

**जींद।** चंडीगढ़ से जयपुर जा रही रेलगाड़ी में नरवाना रेलवे स्टेशन के निकट एक व्यक्ति महिला यात्री का पर्स छीन कर फरार हो गया। पर्स में आठ हजार रुपये की नगदी व जरूरी कागजात थे। रेलवे पुलिस ने महिला यात्री की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ छीना झपटी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अज्ञात युवक महिला के जेवरात छीनकर फरार

**कैथल।** चीका पुलिस ने छीनाझपटी एक मामला दर्ज किया है। भागल की दयाल देवी नामक महिला ने अपनी शिकायत में रोक लगाया है कि 14 जुलाई को जब वह हरिगढ़ किंगण के निकट से गुजर रही थी तो अज्ञात उसे बातों में लगाते कानों की बाली छीन कर फरार हो गए। छीनी गई बालियों की कीमत हजारों रुपये बताई गई है।

### बिजली निगम एससी के चालक पर हमला

**जींद।** नरवाना में शाम को दौड़ लगा रहे बिजली निगम अधीक्षक अभियंता के चालक पर कार सवार युवकों ने हमला कर घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गए। शहर थाना नरवाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चमेला कालोनी निवासी प्रदीप ने पुलिस को शिकायत दी है।

### हनुमान वाटिका के पास से बाइक चोरी

**कैथल।** कैथल की हनुमान वाटिका के निकट से कर एक बाइक चुरा कर ले गए। गांव नरड के तरसेम सिंह ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को शिकायत में रोक लगाया है कि 13 जुलाई को चोर हनुमान वाटिका कैथल के निकट खड़ी उसकी बाइक चुरा कर ले गए। हेड कांस्टेबल राममेहर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 442 सर्वोत्तम माताओं को किया गया सम्मानित

# अब यूनिफोर्म पर आंगनवाड़ी महिलाएं लगाएंगी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का बैज

### मंत्री बोले दुनिया में सबसे ताकतवर शब्द मां है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन, महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री असीम गोयल ने कहा कि ब्रह्मांड में दुनिया का सबसे ताकतवर शब्द मां है। मां ब्रह्मा का स्वरूप है। मां हमेशा अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देते हुए जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरित करती है। मां के पास बैठकर हमारी जो भी निराशा होती है, वह दूर हो जाती है। गोयल सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पुलिस डीएवी स्कूल के सभागार में आयोजित सर्वोत्तम माता पुरस्कार के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पंहुचे थे। इस मौके पर उन्होंने 442 सर्वोत्तम माताओं को किट व ड्रॉफ्ट देकर उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि विभाग को निरंतर आगे बढ़ाने के लिये आप सबका सहयोग बेहद आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढने वाली बेटियों को आत्म रक्षा में निर्भर बनाने के लिये 'मैं भी लक्ष्मीबाई' योजना के तहत हरियाणा में पहला सेल्फ डिफेंस केन्द्र राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल पुलिस लाइन में खोला जाएगा। इसी प्रकार भारत में महिला एवं बाल विकास विभाग पहला ऐसा विभाग होगा जो अपना एफएम चैनल शुरू करने जा रहा है। आकाशवाणी के नाते हमारी लाडो के नाम से यह जल्द ही शुरू किया जाएगा।



अंबाला। कार्यक्रम में सर्वोत्तम मां का पुरस्कार देकर सम्मानित करते मंत्री असीम गोयल।

इसके साथ-साथ महिला सरपंचों का एक राज्य स्तरीय सम्मेलन किया जाएगा, जिसमें महिला सरपंच को दायित्व सौंपा जाएगा कि वे अपने गांवों में लिंगानुपात सुधार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने यह भी बताया कि अंबाला की तर्ज पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ चौक बनाने का काम हर जिला में किया जाएगा। जल्द ही पंचकूला में इस चौक का निर्माण भी किया जाएगा।

गोयल ने कहा कि मां एक ऐसी शख्सियत जो हमेशा अपने बच्चों को सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढने में सहयोग करती है। पीपल को हम ब्रह्मा के रूप में पूजते हैं क्योंकि वह हमेशा ऑक्सीजन प्रवाहित करता है। हमें प्राणवायु देता है, उसी प्रकार मां भी ब्रह्मा का स्वरूप है। पहले लिंगानुपात में प्रदेश की स्थिति ठीक नहीं थी। अब सभी के सहयोग से इसमें सुधार हुआ है। 1000 लडकों के पीछे अब लड़कियों की संख्या 912 है जोकि बड़ा बदलाव है। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री ने यह भी बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं का संदेश देने के उद्देश्य से आंगनवाड़ी वर्करों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं के बैज दिये जा रहे हैं। वह अपनी ड्रेस पर इसे लगाएंगी, जिससे समाज में एक संदेश जाएगा। केंद्र व प्रदेश सरकार महिलाओं के अस्तित्व, शिक्षा, स्वास्थ्य व उनके गौरव को बढ़ाने के लिए निरंतरता में कार्य कर रही है।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर विभाग की निदेशक मोनिका मलिक, अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, संयुक्त आयुक्त राजबाला कटारिया, डीपीओ कविता रानी, रितेश गोयल, गुरजंट सिंह, संजीव गोयल टोनी भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी. कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं बारे विस्तार से जानकारी दी।

पुलिस लाइन स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं विषय पर जो नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, उसकी सराहना की और सहारनपुर से राज दुलारी की बेटी अनु द्वारा छोटे बच्चों द्वारा आई लव माइ इंडिया जो तैयार किया गया था, उसकी भी प्रशंसा की। उन्हें नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित भी किया। आंगनवाड़ी वर्करों द्वारा बच्चों के वास्ते है डब्ल्यूसीडी हमारा की प्रस्तुति दी गई। यहां बता दें कि सवोत्तम माता पुरस्कार के तहत प्रथम स्थान के लिये 4000 रुपये, द्वितीय के लिए 3000 रुपये तथा तृतीय के लिये 2000 रुपये का पुरस्कार भी दिया गया।



अंबाला। भाजपा में शामिल हुए कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते पूर्व मंत्री अनिल विज।

## विज की कार्यशैली से प्रभावित होकर शाहपुर व बीसी बाजार से कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की कार्यशैली से प्रभावित होकर सोमवार को शाहपुर और बीसी बाजार से बड़ी संख्या में लोगों ने भाजपा नेता तरविंद्र सिंह सोनी और वार्ड प्रधान कुलदीप सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। विज ने पार्टी में शामिल हुए कार्यकर्ताओं को भाजपा के पटके पहनाकर उनका पार्टी में हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है जोकि सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है। उन्होंने कहा पार्टी में नए कार्यकर्ताओं के जुड़ने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को मजबूती से पार्टी के लिए कार्य करने का आह्वान किया। भाजपा नेता तरविंद्र सिंह सोनी और वार्ड प्रधान कुलदीप सिंह ने बताया कि पूर्व मंत्री विज की जनहित में बेहतर कार्यशैली की बदौलत शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से लोग लगातार भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इससे पहले भी कई लोगों ने भाजपा का दामन थामा है। उन्होंने बताया कि पूर्व मंत्री अनिल विज ने छावनी में वह कार्य करके दिखाए जोकि अन्य दलों ने अपने 70 वर्ष के कार्यकाल में नहीं किए। उन्होंने छावनी का स्वरूप बदलते हुए उसे तरक्की के मार्ग पर अग्रसर कर दिया है। सिविल अस्पताल में बड़ी से बड़ी बीमारी का ईलाज निशुल्क हो रहा है। कैंसर जैसे गंभीर रोग का ईलाज कराने के लिए पीजीआई की तर्ज पर छावनी में आधुनिक उपचार सुविधा उपलब्ध है।

### बिजली संबंधी समस्याओं का किया जाएगा समाधान

**अंबाला।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए अंबाला शहर के उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में 16 जुलाई को प्रात 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल ने बताया कि बैठक में बिजली संबंधित वे समस्याएं जिनका स्थानीय अधिकारियों से मिलने के उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है, ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते हैं। ऐसे उपभोक्ता जिनका बिजली संबंधित केस न्यायालय में विचाराधीन है जिनकी शिकायत या मामला दो वर्ष से पुराना है, ऐसे उपभोक्ता सुनवाई के पात्र नहीं होंगे। बिजली चोरी संबंधी शिकायतें भी इस बैठक में नहीं सुनी जाएंगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि बिजली से संबंधित अपनी समस्याओं व शिकायतों का समाधान करवाएं।

## जटवाड़ के सरकारी स्कूल में छात्रों ने किया पौधरोपण, हरियाली के लिए जरुरी कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

समय में स्वच्छ पर्यावरण के लिए वृक्षों का महत्व सबसे ज्यादा है। वृक्ष शुद्ध हवा,वर्षा,तापमान नियंत्रण और हरियाली के लिए आवश्यक हैं। इस उद्देश्य की सफलता के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाई जा रही मुहिम एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जटवाड़ में प्रधानाचार्य नीलम शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं की माताओं, मिड डे मील वर्करों के द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इन में आम, अमरूद, जामुन, नीम, बरगद व पीपल के अनेक पौधों का पौधारोपण करवाने के बाद सभी सदस्यों के द्वारा इनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली गई। उपस्थित ग्राम सरपंच सोनी व पंचायत के सदस्यों ने ऐसे कार्यक्रम को सार्थक बताया और कहा खाली पड़े स्थानों पर अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। जिस गति से देश की जनसंख्या बढ रही है। शुद्ध वातावरण की कमी हो रही है। मौसम में गर्मी बढने का मुख्य कारण भी वृक्षों की अंधाधुंध कटाई है।



शहजादपुर। छात्र स्कूल परिसर में पौधरोपण करते हुए

## तेंदुए ने बच्चे को दबोचा, मुंह में लेकर करीब 100 मीटर तक भागा

- मां ने किया पीछा तो झाड़ियों में छोड़ कर भागा
- खून से लथपथ बच्चे को ले जाया गया अस्पताल, चंडीगढ़ रेफर,गांव में दहशत का माहौल, सहमे स्कूली बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

गांव ठरवा में एक तेंदुए ने एक बच्चे पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल बच्चे की नाजुक हालत को देखते हुए स्थानीय डॉक्टरों ने उसे इलाज हेतु चंडीगढ़ के लिए रेफर कर दिया। बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है। बच्चे पर तेंदुए ने हमला जब किया जब वह अपनी मां रजनी देवी के साथ गांव की आटा चक्की से आटा लेकर वापिस घर लौट रहे थे। तभी झाड़ियों में घात लगाए बैठे तेंदुए ने मां के आगे चल रहे बच्चे दीपांशु पर हमला कर दिया। तेंदुआ बच्चे की गर्दन मुंह में ले भाग गया। तभी बच्चे की मां रजनी देवी ने शोर मचा दिया। वह अपनी जान की परवाह न करती हुई तेंदुए के पीछे झाड़ियों की तरफ भागने लगी। रजनी देवी के शोर की आवाज सुन नजदीक ही सड़क पर बैठे कुछ लोग लाठियां लेकर मौके की ओर दौड़ पड़े। सड़क से करीब 100 मीटर की दूरी पर बच्चा तेंदुए की पकड़ से छूट गया। बच्चा खून से लथपथ था। तेंदुआ खेतों के रास्ते भाग गया। खून से लथपथ बच्चे को स्थानीय डॉक्टर के पास ले जाया गया। गंभीर हालत देखते हुए उसे चंडीगढ़ में पीजीआई के लिए रेफर कर दिया गया।

**बच्चे की मां के हौसले को सलाम**



ठरवा गांव से लगते गांव सुरगल गांव के रहने वाले 54 साल के नंबरदार छत्रपाल ने बताया कि वह भी रविवार की शाम को चार- पांच लोगों के साथ सड़क के पास बैठे हुए थे। तभी उन्हें एक महिला के जोर जोर से चिल्लाने की आवाजें सुनाई दी। पहले उन्होंने सोचा कि झाड़ियों में सांप दिखाई देने की वजह से महिला ने घबरा कर शोर मचाया है। जब वह घटनास्थल की और दौड़े तो उन्होंने देखा कि महिला झाड़ियों की तरफ भाग रही है। वे भी पीछे भागे तभी उन्होंने झाड़ियों में एक गुहारे के साथ ही खून में लथपथ बच्चा पड़ा हुआ मिला। छत्रपाल ने कहा कि बच्चे की मां अपनी जान की परवाह किए बिना तेंदुए से अपने बच्चे को छुड़ाने के लिए उस के पीछे भागी जिस के चलते तेंदुआ डर गया। बच्चा उस की पकड़ से छूट गया। खून से लथपथ बच्चे को एक कपड़े में लपेट कर मार्ग से गुजर रही एक कार को रोक में उसे अस्पताल पहुंचाया गया।

**लड़की ने दो दिन पहले भी देखा था तेंदुआ**

गांव के हरदेव सिंह ने बताया कि गांव में दहशत का माहौल है।वास्तविकता यही है कि जंगली जानवर तेंदुआ ही है।।दो दिन पहले भी गांव की एक लड़की ने तेंदुए को देखा था और शोर मचाया था। लेकिन लड़की की बात को ग्रामीणों ने गंभीरता से नहीं लिया। उस लड़की के शोर मचाने पर तेंदुआ मौके से भाग गया था। वन्यप्राणी विभाग के अधिकारी राजेंद्र डांगी ने बताया कि टीम द्वारा ठरवा गांव में सर्च अभियान चलाया गया।



अंबाला। कार्यक्रम की शुरूआत करती हुए मुख्यअतिथि।

### फैमिली आईडी की समस्याएं जल्द सुलझाएं

**अंबाला।** एडीसी अपराजिता ने सोमवार को अपने कार्यालय के साभागार मे परिवार पहचान पत्र के कार्यों को लेकर जिले के क्रीड जोनल मैनेजर व सीपीएलओ की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने परिवार पहचान पत्र से संबंधित लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पुरा करने के दिए निर्देश। इस दौरान पीपीपी (न्यू मेडयूल) पोर्टल संबंधी ट्रेनिंग भी दी गई। एडीसी अपराजिता ने जिले के क्रीड जोनल मैनेजर को निर्देश दिए कि वह सीपीएलओ को परिवार पहचान पत्र ऑनलाइन पोर्टल की विस्तृत जानकारी के लिए उन्हे ट्रेनिंग देना तय करें। उन्होंने सीपीएलओ से परिवार पहचान पत्र लॉगिन मे कोई लंबित तो नहीं है, पीपीपी मे जन्म तिथि संबंधी, परिवार इनकम वेरिफिकेशन या अन्य कोई समस्या तो नहीं आ रही है इसकी भी विस्तार से जानकारी हासिल की। उन्होंने सीपीएलओ को निर्देश दिए कि वह अपने स्तर पर कोई लंबित शिकायत न रखें। उन्होंने यह भी कहा कि परिवार पहचान पत्र के हर कार्य को गंभीरता से ले और तेजी के साथ उन्हे पूरा करें।

## 17 को होगा एसपी ऑफिस का घेराव

- किसान यूनियन ने किसानों को दिया न्यौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

दोसड़का गुरुद्वारा प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह की बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता यूनियन अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी ने की। बैठक में काफी संख्या में किसान मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य युनियन सदस्यों को नवदीप सिंह की रिहाई के लिए 17 जुलाई को अंबाला एसपी ऑफिस के घेराव का न्यौता देना रहा। अमरजीत ने कहा कि सभी सदस्य अधिक से अधिक संख्या में अपने साथी लेकर अंबाला पंहुचे। उन्होंने बताया कि एसपी ऑफिस घेराव का निर्णय युनियन सदस्यों ने सर्वसम्मति से लिया था। अब उसे 17 को एकजुट होकर करना है। अगर प्रशासन नवदीप की रिहाई पर 17 को भी कोई फैसला नहीं लेता तो आगामी रणनीति भी बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि नवदीप सिंह लंबे समय से जेल में बंद है। उसे रिहा किया जाना चाहिए। मौके पर जय सिंह, अशविंद्र सिंह, विक्रम मुलाना, लखविंद्र सिंह, बलबीर सिंह, मनदीप, अमन, हैप्पी, मनी, पवन चहल व निर्मल सहित अन्य मौजूद रहे है।



मुलाना। बैठक के दौरान किसान




अंबाला। लोगों की शिकायतें सुनते हुए अधिकारी।

### शिकायतों का हुआ तत्काल समाधान, 30 पर अधिकारियों को जांच के आदेश

**अंबाला।** नगराधीश विश्वजीत ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिले में जिलास्तर व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस मे सुबह 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी मे सोमवार को डीसी कोर्ट मे समाधान शिविर लगाया गया। नगराधीश ने समाधान शिविर मे आए लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकांश समस्याओं का संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा मौके पर ही सामधान करवाया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा शुरू की गई समाधान शिविर जैसी अनूठी पहल से आमजन की समस्याओं का निदान अविलंब हो रहा है। शिविर से अनेक समस्याओं का एक जगह ही समाधान होने से आमजन को भी राहत है। बता दे कि जिले के समाधान शिविर मे कुल 30 शिकायतें आई जिनमें से 17 शिकायतों का तत्काल निदान कर दिया गया। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, सीईओ जिला परिषद नवीन आहूजा, डीआरओ योगेश कुमार, डीएसपी रमेश कुमार, साहब सिंह मोहडी व अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### सुश्रुत जयंती पर 80 मरीजों को बांटी अश्वगंधा की गोलियां

**अंबाला।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर बाड़ा की इंचार्ज डॉ. समिधा शर्मा ने बताया कि मंदिर में सुश्रुत जयंती के अवसर पर एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया।इसमें ग्राम बाड़ा के लोगों को अश्वगंधा टेबलेट्स निशुल्क वितरित की गई। इस कैंप का 80 मरीजों ने लाभ उठाया। डॉ. समिधा ने यह भी बताया कि उनके सेंटर की ओर से रोज तीन योग सेशन ग्राम बाड़ा में लगाए जा रहे हैं। इस अवसर पर डिस्पेंसर नसीब सिंह, योगा सहायक दपिंद्रजीत कौर, योग इंस्ट्रक्टर सोनिया शर्मा व सन्नी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि पूरी दुनिया में 15 जुलाई के दिन विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोगों को प्लास्टिक सर्जरी के महत्व को समझाने और उनमें जागरूकता लाने के प्रयास किए जाते हैं। प्लास्टिक सर्जरी के बारे में आम धारणा है। यह खूबसूरती बढ़ाने के लिए की जाती है जबकि असल मायनों में किसी एसिड अटैक, इंफेक्शन, कैंसर, एक्सीडेंट, जलने या किसी अन्य कारणों से अपना शरीर या चेहरा बिगाड़ चुके लोगों के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं है।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### महिलाओं को दिया जाएगा दस दिन का प्रशिक्षण

**अंबाला।** हरियाणा महिला विकास निगम की चेयरपर्सन अमनीत पी कुमार द्वारा सभी जिला प्रबंधकों को वीसी के माध्यम से बताया गया कि हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा केवल बीपीएल परिवार की स्थायी वासी महिलाओं के लिए 10 दिन का ई रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण महिलाओं को निशुल्क प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को ई रिक्शा हरियाणा महिला विकास निगम की स्कीम के माध्यम से सब्सिडी पर लोन दिलवाया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए लडकियों/महिलाओं के पास प्रदेश का मूल निवासी प्रमाण पत्र के अलावा उम्र 18-45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।

## सैनी सभा ने डॉ. सैनी को दी श्रद्धांजलि व उनके कार्यों को सराहा

# डॉ. सैनी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के सैनी हाई स्कूल के प्रांगण में सैनी सभा के मुख्य संरक्षक स्व. डॉ. राम सैनी के जन्मदिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां सैनी सर्कल सभा अंबाला के सदस्यों व स्कूल स्टाफ द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम सैनी सभा के प्रधान सतीश सैनी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस मौके पर सभा के पूर्व प्रधान स. ठाकुर सैनी ने कहा कि डॉ. राम सैनी ने सैनी सभा के उत्थान के लिए बहुत सराहनीय कार्य किए हैं। उन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। डॉ. राम सैनी ने वर्ष 1998 में अमेरिका से स्वदेश आकर सैनी सभा का दौरा कर सभा के मौजूदा हालातों का जायजा लिया था, जबकि उस वक्त के दौर में सभा के हालात कुछ खास नहीं थे। जिसको देखते हुए डॉ. राम सैनी ने बतौर सभा के मुख्य संरक्षक रहते हुए सैनी सर्कल सभा के भवन का निर्माण कार्य करवाने में अहम भूमिका निभाई। इसके साथ-साथ गरीब परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से सैनी हाई स्कूल को हर संभव सहयोग कर अपग्रेड करने का काम किया। स्कूल व सैनी सभा का दौरा करने के लिए वह प्रतिवर्ष अंबाला पहुंचते थे और सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लेते थे, मगर सैनी समाज को उस वक्त बहुत बड़ा झटका लगा। कोविड़ के दौरान 7 जुलाई 2020 को उनका अचानक देहांत हुआ। सैनी के जन्मदिवस पर सभी सैनी समाज के सदस्यों ने दिल की गहराईयों से उन्हें और उनके द्वारा किए गए समाजहित के कार्यों का याद कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।



अंबाला। डॉ राम सैनी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सभा के पदाधिकारी व शिक्षक।

**ये रहे मौजूद**

मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल अश्वनी गुप्ता, सैनी सभा के प्रधान सतीश सैनी, उपप्रधान सुंदर लाल सैनी, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद सैनी, स्कूल मैनेजर राजकृष्ण सैनी, सदस्य सुदेश कुमार, अनिल कुमार, निर्मल, केहर सिंह सहित अन्य स्कूल स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।